गुरु नानक कॉलेज धनबाद

कैनवस फॉर क्लीन एयर: इंस्पायरिंग कौमयूनिटी एक्शन

आज दिनांक 10 अगस्त 2024, शनिवार को धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा धनबाद के प्रतिष्ठित गोल्फ ग्राउंड में पर्यावरण उत्सव 2024 के प्रचार प्रसार के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रम "कैनवस फॉर क्लीन एयर: इंस्पायरिंग कौमयूनिटी एक्शन (Canvas for clean air: inspiring community action)" में गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के एन एस एस इकाई एक एवं दो के छात्र-छात्राओं ने इन्नोवेटिव आर्ट ईवैन्ट में हिस्सा लिया। धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कालेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने कहा कि औद्योगीकरण की अंधी दौड़ में मानव ने पर्यावरण को बहुत नुक्सान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि शुद्ध हवा के बिना हमारा जीवन लगभग नामुमकिन है इसलिए आक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्ष लगाकर हम प्रकृति की सेवा में अपना योगदान अवश्य दें। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 12 छात्र-छात्राएं ने हिस्सा लिया। एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर दलजीत सिंह ने कहा कि जिस तरह हमारे बुजुर्गों ने हमें यह धरती सौंपी है, उसी स्थिति में यह धरती अपनी आने वाली पीढ़ियों को देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर अनुराधा कुमारी ने छात्र छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने की सलाह दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझना था। कार्यक्रम में धनबाद के कई प्रतिष्ठित कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं के नाम

विशाल मंडल, मुस्कान, नैला यास्मिन, हेमा चौहान, सबा परवीन, रिया बरनवाल, आंचल कुमारी, मोनिका हांसदा, अमनजीत कौर, निकिता दत्ता, नेहा कुमारी, आकृति गोस्वामी।

Guru Nanak College Dhanbad

Canvas For Clean Air: Inspiring Community Action

Name of Students who Participated in the Event

Sl. No.	Name	Ph. No.	Semester	Campus	Department
1	Amanjeet Kaur	9229001177	2	Bhuda	English
2	Riya Barnwal	7667552504	1	Bankmore	Commerce
3	Monika Hansda	7541898549	2	Bhuda	Commerce
4	Muskan Kumari	8877152152	2	Bankmore	English
5	Saba Perween	9334955382	6	Bankmore	Commerce
6	Aakriti Goswami	6205566003	1	Bankmore	Economics
7	Nikita Dutta	7258989141	4	Bhuda	Commerce
8	Naila Yasmin	9304567456	2	Bankmore	History
9	Hema Chauhan	8235179708	2	Bankmore	BBA
10	Vishal Mandal	7488614854	4	Bankmore	BBA

Join us for
Canvas for Clean Air: Inspiring Community Action
Dhanbad Nagar Nigam, Asar Social Impact, and Clean Air Jharkhand invite you to an innovative art event. This is your chance to creatively share your vision for clean air and unite with your community to advocate for a healthier environment.
Date: Saturday, 10th August 2024
Time: 11:00 AM onwards
Location: Golf Ground, Dhanbad
Get involved with art-based activities like painting, drawing, and writing on a 150 feet-long canvas. All materials are provided!
See you there!
Paryavaranउत्सव
2024
5th June - 7th September
Supported by:
Clean Air Jharkhand

GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
RC3P+P76, Sardar Patel Nagar, Dhanbad, Jharkhand 826001, India
Lat 23.804168°
Long 86.436238°
10/08/24 12:37 PM GMT +05:30
Google

GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
N.S.S

GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
RC3P+P76, Sardar Patel Nagar, Dhanbad, Jharkhand 826001, India
Lat 23.804297°
Long 86.436401°
10/08/24 12:01 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
RC3P+P76, Sardar Patel Nagar, Dhanbad, Jharkhand 826001, India
Lat 23.804211°
Long 86.436271°
10/08/24 11:45 AM GMT +05:30
Google

News Clips

11/08/2024

प्रभात खबर

धनबाद

सिटी बाइट्स

विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

पुटकी. 23 सूत्री मांगों के समर्थन में अलगड़िया विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्रामीणों ने शनिवार की शाम को मशाल जुलूस निकाला. जुलूस का नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश ओझा व सचिव विकास सिंह ने संयुक्त रूप से किया. जुलूस पीबी एरिया के मुख्य द्वार से पुटकी मोड़ प्रभु महतो चौक पहुंच नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया. वक्ताओं ने कहा मांगें पूरी नहीं हुई, तो 12 अगस्त को पीबी प्रोजेक्ट मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना व 20 अगस्त से अनिश्चित कालीन धरना सह तालाबंदी की जायेगी. सभा को संरक्षक चंद्रशेखर पाठक, सुनील सिंह, अनिमेश ओझा आदि ने संबोधित किया. सभा का संचालन बबलू सिंह ने किया. सभा में रतिलाल महतो, राकेश सिंह, सुभाष चौधरी, गुलाब डे, संजय बाउरी, बबलू बाउरी, टिंकू सिंह, कालीचरण महतो, अल्कू महतो आदि मौजूद थे.

हाइवा परिचालन से खराब हो रही सड़क, ग्रामीणों का प्रदर्शन

केंदुआ. गोंदूडीह सीएचपी की ओर से भूली खरिकाबाद सड़क को जोड़नेवाली कच्ची सड़क बरसात के कारण खराब हो गयी है. इससे नाराज खरिकाबाद के ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान कुछ देर के लिए कच्ची सड़क से गुजरनेवाले हाइवा का परिचालन बाधित रहा. ग्रामीणों का कहना था कि जब से इस सड़क पर हाइवा का परिचालन शुरू हुआ है, रास्ता खराब हो गया. इस वजह से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है. प्रबंधन हाइवा का परिचालन पूर्व की तरह ईस्ट बसुरिया के रास्ते कराये. गोंदूडीह पुलिस ने लोगों को समझाया. इसके बाद हाइवा का परिचालन शुरू हुआ. विरोध करनेवालों में गोंदूडीह खरिकाबाद 9 नंबर, 10 और 11 नंबर के ग्रामीण शामिल थे. मौके पर कैलाश प्रसाद, रवींद्र कुमार राम, नेपाल चंद्र प्रामाणिक, उज्ज्वल सरकार, राजू रवानी, धर्मेंद्र कुमार राय, अजय प्रामाणिक आदि मौजूद थे.

झामुमो ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन, काटा केक

धनबाद. झामुमो ने मुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन शनिवार को कुर्मीडीह स्थित जिला कार्यालय में मनाया. सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने केक काटा और सभी कार्यकर्ताओं को खिलाया. मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष राजू हाड़ी, जिला सदस्य मनोज रवानी, युवा मोर्चा जिला सचिव सावन सुमन, महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष अताउल्ला अंसारी, सचिव पारस हांसदा, बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, विकास कुमार, रितेश कुमार अग्रवाल, शहबाज अंसारी, धनंजय सिंह, लक्की शर्मा, राजेश चौरसिया, इम्तियाज अहमद नाजमी, राहुल चौरसिया, जाहिद शेख, इम्तियाज अंसारी, बड़ो विशाल हजारी, पवन माझी आदि थे.

प्रेमसंस होंडा में स्मार्ट वर्कशॉप का उद्घाटन

धनबाद. सरायढेला स्थित प्रेमसंस होंडा में शनिवार को होंडा स्मार्ट वर्कशॉप का उद्घाटन किया गया. स्मार्ट वर्कशॉप में ग्राहकों को न्यूनतम समय में वाहन सर्विस कर दिये जायेंगे. ग्राहक पूरी रिपेयरिंग और बिलिंग की जानकारी अपने मोबाइल से ट्रैक कर सकेंगे. इस अवसर पर एचएमएसआइ के सर्विस जोनल इंचार्ज प्रतीक गौर, सर्विस एरिया इंचार्ज नवनीत दुबे, प्रेमसंस होंडा के सीइओ अतीत डालमिया, सुरेंद्र अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, सर्विस मैनेजर अमन शेखर सहित कई कर्मी उपस्थित थे.

कांग्रेस ने की विस चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील

बीसीसीएल. बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में लगी पेंशन अदालत

45 मामले आये, 18 का तत्काल निबटारा

बीसीसीएल व सीएमपीएफ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ शिविर का आयोजन

वरीय संवाददाता, धनबाद

बीसीसीएल व सीएमपीएफ डी-1 के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में पेंशन अदालत लगायी गयी. कार्यक्रम की शुरुआत सीएमपीएफ के क्षेत्रीय सहायक आयुक्त (प्रभारी) संतोष कुमार व बीसीसीएल के विभागाध्यक्ष (पीएफ/पेंशन) सरोज कुमार पांडेय ने पौधरोपण कर किया. इस दौरान कई लंबित पेंशन मामलों पर चर्चा की गयी. कई पेंशनभोगियों के लिए मौके पर ही समाधान किया गया.

सीएमपीएफओ डी-1 क्षेत्र के सहायक आयुक्त संतोष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उक्त अदालत में 45 मामलों पर चर्चा की गयी. इनमें से 18 का तत्काल निबटारा किया गया. कार्यक्रम की मेजबानी बस्ताकोला एरिया के एपीएम अभिषेक राय व पेंशन प्रकोष्ठ के प्रबंधक प्रभात कुमार ने की.

पेंशन अदालत में अतिथि का स्वागत करते कोल अधिकारी.

कुसुंडा एरिया के एपीएम वेद प्रकाश, पश्चिमी झरिया के आशीष मिश्रा, एपीएम (पुटकी बलिहारी) विनीता कुमारी, एपीएम (कतरास) अभिषेक कुमार व सीएसपीएफ/पेंशन विभाग कोयला भवन से प्रबंधक (कार्मिक) अर्चना उपस्थित रही. सीएमपीएफ डी-1 क्षेत्र के अंतर्गत सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे, जो अपने लंबित मामलों की समीक्षा और समाधान के लिए आये थे.

पेंशनभोगियों के बीच सीधा संवाद को एक मंच : अदालत ने अधिकारियों और पेंशनभोगियों के बीच सीधे संवाद का एक मंच प्रदान किया. इससे मुद्दों का त्वरित समाधान सुगम हुआ. भविष्य की ओर देखते हुए, इसी तरह की अदालतें भविष्य में आयोजित करने पर सहमति बनी. इसमें पेंशन प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करने के लिए यूनियनों और बैंकों को शामिल करने की योजना है. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष पेंशन (बीसीसीएल) सरोज कुमार पांडेय ने कहा कि, यह पेंशन अदालत संगठन की पेंशनभोगियों की चिंताओं को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से संबोधित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भविष्य में पेंशन वितरण प्रक्रिया को और सुचारू बनायेगी.

एक्सकैवेशन विभाग के एक जीएम व तीन चीफ मैनेजर का हुआ तबादला

धनबाद. बीसीसीएल उच्च प्रबंधन के निर्देश पर एक्सकैवेशन विभाग के चार अधिकारियों का तबादला किया गया है. इसमें एक जीएम तथा तीन चीफ मैनेजर स्तर के अधिकारी शामिल हैं. शनिवार को स्थापना विभाग के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) सत्यप्रिय रॉय के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी की गयी. कतरास एरिया मैनेजर एक्सकैवेशन कैशाल कुमार को सिनीडीह वर्कशॉप का इंचार्ज बनाया गया है. जबकि सिनीडीह के इंचार्ज रंजन भट्टाचार्या का तबादला मुख्यालय एक्सकैवेशन विभाग किया गया है. वहीं इजे एरिया के एरिया मैनेजर ज्ञानेश्वर कुमार को सिजुआ एरिया का एरिया मैनेजर एक्सकैवेशन बनाया गया है. बीसीसीएल मुख्यालय एक्सकैवेशन विभाग में पदस्थापित सुजीत कुमार श्रीवास्तव को कतरास एरिया का एरिया मैनेजर एक्सकैवेशन बनाया गया है. 16 अगस्त तक सभी अधिकारियों को नये स्थान पर योगदान देने को कहा गया है. अन्यथा 17 अगस्त से वे स्वत: विरमित समझे जायेंगे.

स्वच्छ हवा के प्रति जागरूकता के लिए की पेंटिंग

संवाददाता, धनबाद

धनबाद नगर निगम द्वारा शनिवार को स्वच्छ हवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के तहत कैनवास पेंटिंग हुई. शनिवार को गोल्फ ग्राउंड पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के आम नागरिक, स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हुए. सेंट एंथोनी, इस्ट एंड कॉनवेंट, माउंट ब्रेसिया, केंद्रीय विद्यालय वन, लोयला स्कूल के साथ एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, गुरुनानक कॉलेज के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया. साथी फाउंडेशन और आशा किरण युवा संस्थान के सदस्य भी थे. कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने 200 फीट लंबे कैनवास पर रंग-बिरंगी पेंटिंग की, जो स्वच्छता और हरे-भरे वातावरण का संदेश देती है. इस दौरान धनबाद के नगर आयुक्त ने रविराज शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया. धनबाद नगर निगम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया. मौके पर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, नगर मिशन प्रबंधक सुमित विवेक तिग्गा, सीपीसीबी के सलाहकार प्रमोद सिंह, असर संस्था के प्रतीक कुमार, सत्यम झा आदि मौजूद थे.

Bihar Observer 11/08/2024

पीएफ पेंशन के विभागाध्यक्ष श्री सरोज कुमार पांडे शामिल थे, जिन्होंने कार्यवाही में अपनी विशेषज्ञता का योगदान दिया। कार्यक्रम की मेजबानी बस्ताकोला के एपीएम श्री उपस्थित थे, जो अपने लंबित मामलों की समीक्षा और समाधान के लिए आए थे। अदालत ने अधिकारियों और पेंशनभोगियों के बीच सीधे संवाद का एक मंच प्रदान किया, पेंशनभोगियों की चिंताओं को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से संबोधित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भविष्य में पेंशन वितरण प्रक्रिया को और सुचारू बनाएगी।

औद्योगीकरण ने पर्यावरण को पहुंचाया नुकसान : डॉ. सं...

धनबाद (कासं) : शनिवार को धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा धनबाद के प्रतिष्ठित गोल्फ ग्राउंड में पर्यावरण उत्सव २०२४ के प्रचार प्रसार के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रम फॉर क्लीन एयर इंस्पायरिंग कौम्यूनिटी एक्शन में गुरु नानक कॉलेज धनबाद के एनएसएस इकाई एक एवं दो के छात्रछात्राओं ने इन्नोवेटिव आर्ट ईवैन्ट में हिस्सा लिया। धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने कहा कि औद्योगीकरण की अंधी दौड़ में मानव ने पर्यावरण को बहुत नुक्सान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि शुद्ध हवा के बिना हमारा जीवन लगभग नामुमकिन है इसलिए आक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्ष लगाकर हम प्रकृति की सेवा में अपना योगदान अवश्य दें।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के १२ छात्रछात्राएं ने हिस्सा लिया। एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर दलजीत सिंह ने कहा कि जिस तरह हमारे बुजुर्गों ने हमें यह धरती सौंपी है, उसी स्थिति में यह धरती अपनी आने वाली पीढ़ियों को देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर अनुराधा कुमारी ने छात्र छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने की सलाह दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रछात्राओं के बीच पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझना था। कार्यक्रम में धनबाद के कई प्रतिष्ठित कॉलेज एवं स्कूल के छात्रछात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं में विशाल मंडल, मुस्कान, नैला यास्मिन, हेमा चौहान, सबा परवीन, रिया बरनवाल, आंचल कुमारी, मोनिका हांसदा, अमनजीत कौर, निकिता दत्ता, नेहा कुमारी, आकृति गोस्वामी आदि थे।

ट्रेन से कटकर महिला की मौत

धनबाद (कासं) : कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के समीप ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। जीआरपी ने शनिवार की सुबह रेल पटरी से शव बरामद किया है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। उसका एक कटा एक पैर ब्रिज के नीचे मिला है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे सूचना मिली कि पोल संख्या २३२/१९ के पास महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस महिला की पहचान कराने के लिए प्रयासरत है।

तोपचांची झील के पानी को फिल्टर कर सप्लाई की जाए : ब्रजेंद्र सिंह

धनबाद (कासं) : जिला २० सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह और सदस्य मदन महतो शमशेर आलम राजू प्रमाणिक ने जनता की शिकायत पर तोपचांची झील पहुंचकर झील का जायजा लिया। वहां के कुछ कर्मचारियों से भी बात की। निरीक्षण के बाद श्री सिंह ने बताया की कतरास सिजुआ छाता बाद तेतुलमारी पडिडीह जगहों पर जो तोपचांची झील से पानी सप्लाई होता है, वह पीने लायक तो नहीं स्नान करने लायक भी नहीं है लगता है मिट्टी से घुला हुआ पानी को सप्लाई की जा रही है। फिल्टर हो नहीं पा रहा है। जिसके चलते हजारों हजार जनता परेशानी का सामना कर रहे हैं कतरास क्षेत्र में बहुत से घरों में लोग सील बंद बोतल का पानी सेवन कर रहे हैं ऐसी स्थिति में नगर निगम का यह कर्तव्य बनता है की अभिलंब सप्लाई होने वाले पानी को फिल्टर कराया जाए और गुणवत्ता देखने के बाद ही अच्छा ...

Before the Notary Public at Dhanbad

AFFIDAVIT

I, Ranbeer Prasad, aged about 42 years, S/o-Late Satrughan Prasad, by faith-Hindu, by Occupation-Service, R/o-Borragarh, Surendra Colony, PO-Bhagabandh, PS-Jharia, (Borragarh O.P.), Distt-Dhanbad, Jharkhand, 828111,

PRICE DROP
₹1,799
₹299
₹900
₹1,102
PRICE DROP
₹400
AJIO

छात्रों ने 200 फीट कैनवास पर स्वच्छ हवा का महत्व समझाया

धनबाद, मुख्य संवाददाता। शहर के गोल्फ ग्राउंड में शनिवार को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे समेत अन्य शहरवासियों ने स्वच्छ हवा के लिए अनोखे अंदाज में प्रयास किया। मौका था धनबाद नगर निगम की ओर से मनाए जा रहे पर्यावरण उत्सव का। पांच जून से शुरू होकर सात सितंबर तक चलने वाले पर्यावरण उत्सव के तहत शनिवार को गोल्फ ग्राउंड में विविध कार्यक्रम हुआ।

गोल्फ ग्राउंड में शहरवासियों के बीच जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष कैनवास पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 200 फीट लंबे कैनवास पर रंग-बिरंगी पेंटिंग कर छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता और हरे-भरे वातावरण का संदेश दिया। बच्चों ने अपनी कला से स्वच्छ हवा के महत्व को सभी के सामने रखा। लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया।

गोल्फ ग्राउंड स्थित पार्क में पर्यावरण स्वच्छता पर बच्चों ने चित्रकारी की।

नगर निगम के आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है। यह समाज और पर्यावरण के प्रति सबकी जिम्मेदारी है। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं। पर्यावरण की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने वायु प्रदूषण को कम करने के उपायों को सबके जीवन में अमल करने की बात कही। मौके पर संत एंथोनी स्कूल, ईस्ट एंड कॉन्वेंट, माउंटब्रेशिया स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नंबर एक, लोयला स्कूल, एसएसएलएनटी कॉलेज और गुरुनानक कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कई सामाजिक संगठन व एनओजी के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, नगर प्रबंधक सुमित विवेक तिग्गा, एनसीएपी के सलाहकार प्रमोद सिंह, असर संस्था के प्रतीक कुमार, सत्यम झा समेत अन्य मौजूद थे।

Hindustan
Dated :- 11-08-2024